हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 30 अगस्त 2025

10 छात्रों ने किया वेस्ट से बनाए उत्पादों का प्रदर्शन



11 खेल उत्सव : बच्चों को खेलों का महत्व बताया



## खबर संक्षेप

### बादली कॉलेज का रजत जयंती समारोह एक को

**बहादुरगढ़।** चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय बादली के 25 वर्ष पूर्ण होने पर एक सितंबर को रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य आनंद काद्यान ने कहा कि एक सितंबर 2000 को राजकीय महाविद्यालय बादली की स्थापना हुई। इस महाविद्यालय से पास-आउट बहुत से विद्यार्थी अनेक उच्च पदों व सरकारी संस्थानों में कार्यरत हैं। इस अवसर पर एलुमनायी मीट भी आयोजित की जाएगी। जिसमें पूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाएगा। विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### रेलवे ट्रैक पर बढ़ते हादसों पर दु:ख जताया

**बहादुरगढ़।** रेलवे ट्रैक पर लगातार बढ़ रहे हादसों पर नागरिक मंच ने दुख जताया है। मंच संयोजक रामकिशन ने कहा कि जनवरी से लेकर अब तक ट्रैक पर 44 लोगों की मौत हुई है। इनमें अकेले छोटूराम नगर के पास 23 जानें गई हैं। छोटे से क्षेत्र में यह आंकड़ा बेहद गंभीर है। इस दिशा में लोगों को जागरूक होने तथा प्रशासन को गंभीर होने की जरूरत है। गलत तरीके से ट्रैक क्रास करने वाले, लाइन के साथ चलने वालों को जागरूक लोग तुरंत रोकें। नियम न मानने वालों पर जुर्माना लगाया जाए। छोटूराम नगर के पास अंडर पास बनाए जाने की जरूरत है। इससे हादसों में कमी आएगी। इसके साथ ही नागरिक मंच ने लाइनपार करने वालों के लिए एक टिकट विंडो स्थापित करने और ट्रैक पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने की अपील की है।

### जिम खाना क्लब में चोरी की वारदात

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-9 स्थित जिम खाना क्लब में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर क्लब परिसर में से पंखे, कुर्सियां व एसी की कॉपर वायर चुरा ले गए। सेक्टर-9 चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नूना माजरा के निवासी मोहित ने कहा है कि वह सेक्टर-9 स्थित जिमखाना क्लब में काम करता है। वीरवार को मेन गेट खोलकर अंदर गया तो सब अस्त व्यस्त था। पांच पुराने पंखे व कुर्सियां नहीं मिली। चेक करने पर छह एसी की कॉपर वायर भी नहीं थी। अज्ञात चोर परिसर में घुसकर वारदात को अंजाम दे गए हैं। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बता दें कि इलाके में चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। आए दिन कहीं न कहीं वारदात हो रही है।

### स्कूटी चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, केस

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने स्कूटी चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की गई स्कूटी भी बरामद कर ली गई है। लाइनपार के निवासी शिव कुमार की सेक्टर 2 की पार्किंग से स्कूटी चोरी हुई थी। इस शिकायत पर सेक्टर 6 थाने में केस दर्ज हुआ। पुलिस ने दुल्हेड़ा से आरोपी को स्कूटी सहित काबू किया। आरोपी की पहचान गुलशन निवासी बहादुरगढ़ के रूप में हुई है।

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** एसटीएफ की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना बेरी क्षेत्र में तैनात थी। इस दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि प्रिंस निवासी वजीरपुर दादयां जिला झज्जर अवैध हथियार लिए हुए बेरी जहाजगढ़ रोड पर वजीरपुर दादया गांव से आगे की तरफ सड़क पर घूम रहा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध हथियार और एक जिंदा कारतूस बरामद हुए।

## एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण व कांस्य पदक विजेता आशिमा का किया अभिनंदन

■ आशिमा जैसी प्रतिभाएं न केवल परिवार, बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव : दिनेश कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कजाकिस्तान में हुई एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने वाली हरियाणा की बेटी आशिमा अहलावत का शुक्रवार को बहादुरगढ़ के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता दिनेश कौशिक व अन्य ने आशिमा अहलावत को फूलों और नोटों की मालाओं से सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।दरअसल, रोहतक की आशिमा ने हाल ही में कजाकिस्तान में हुई 10 दिवसीय एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। बहादुरगढ़ पहुंचने पर उसका जोरदार स्वागत किया गया। दिनेश कौशिक ने कहा कि आशिमा जैसी प्रतिभाएं न केवल परिवार, बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत भी हैं।



**कोच सुमित्रा अहलावत का भी किया सम्मान :** उन्होंने बताया कि हरियाणा खेलों में हमेशा अग्रणी रहा है और यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। सम्मान समारोह में पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राम अहलावत, डॉ. सुरेश अहलावत, राजू जून, विनोद कौशिक, प्रमिला जून और इंदू बागड़ी सहित अन्य मौजूद रहे। इस दौरान आशिमा की कोच सुमित्रा अहलावत को भी विशेष सम्मान दिया गया।

### मां भीमेश्वरी मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**झज्जर ।** शनिवार को पीजीआईएमएस रोहतक द्वारा मां भीमेश्वरी देवी मंदिर बेरी में राधा अष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक चलाए जा रहे नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत ब्रह्मालीन महंत सेवापुरी की स्मृति में बाहर वाले मंदिर में लगने वाले इस शिविर में पीजीआई रोहतक के नेत्र विभाग व एक निजी अस्पताल की टीम सेवाएं देंगी। शिविर का शुभारंभ पीजीआई के नेत्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर आरएस चौहान व सामुदायिक चिकित्सा विज्ञान के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर आरएस जाखड़ द्वारा किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी कुलदीप ने बताया कि इस दौरान लोगों को नेत्र दान का महत्त्व समझाते हुए उनसे मरणोपरांत नेत्र दान करने बारे संकल्प पत्र भी भरवाए जाएंगे। प्रात: दस बजे से दोपहर एक बजे तक लगने वाले इस शिविर में मुख्य रूप से डॉक्टर एसपीएस भाटिया सहित अन्य डॉक्टर मौजूद रहेंगे।

## सांखोल में कुआं पूजन कर मनाई बेटी के जन्म की खुशी

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल के एक परिवार ने बेटी के जन्म की खुशी कुआं पूजन करके मनाई। वे तमाम रस्में हुई, जो बेटे के जन्म पर निभाई जाती हैं। महिलाओं ने गीत गाए तो बुजुर्गों ने नवजात कन्या व उसकी मां को आशीर्वाद दिया। दरअसल, सांखोल के निवासी रणबीर अहलावत के यहां बीते दिनों बच्चे की किलकारियां गूंजी थी। उनकी पुत्रवधु हिमांशी पत्नी कमल ने संतान के रूप में बेटी को जन्म दिया।

बेटी के जन्म के बाद से ही परिवार में खुशी का माहौल है। इस खुशी को दूसरों के साथ सांझा करने के लिए परिवार ने कुआं पूजन का आयोजन किया। कन्या के दादा रणबीर अहलावत ने कहा कि बेटा, बेटी एक समान है। हमें भेद नहीं करना चाहिए।



**बेटियों को भी आगे बढ़ने के लिए बेटों के समान अवसर देने चाहिए**

बेटियों को भी आगे बढ़ने के लिए बेटों के समान अवसर देने चाहिए। हम अपनी पौती को जीवन में आगे बढ़ने के तमाम अवसर देंगे। आंगनबाड़ी वर्कर सुनीता आशा वर्कर ममता भी इस अवसर पर मौजूद रहीं।

## बादली-बुपनियां रोड पर बाइक सवार हेड कांस्टेबल को वाहन ने कुचला

**41 वर्षीय संदीप रोहतक के बलियाणा के रहने वाले थे, गुरुग्राम पुलिस लाइन में थी पोस्टिंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बादली-बुपनियां मार्ग पर दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में हरियाणा पुलिस के हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। उसकी बाइक को किसी अज्ञात रफ्तारी वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान करीब 41 वर्षीय संदीप के रूप में हुई है। रोहतक के बलियाणा गांव का संदीप हरियाणा पुलिस में हेड कांस्टेबल था। इन दिनों पुलिस लाइन गुरुग्राम में उसकी पोस्टिंग थी। जानकारी के अनुसार, वीरवार को वह छुट्टी लेकर गोयला कलां में अपने किसी रिश्तेदार के यहां जा रहा था। बादली-बुपनिया मार्ग पर बादली से कुछ दूरी पर ही उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई। जब तक संभाला जाता, देर हो चुकी थी। अस्पताल में ले गए तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल में आए। पुलिस ने परिजनों के बयान लिए। छोटे भाई प्रदीप की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। शुक्रवार को जीएच बहादुरगढ़ में पोस्टमार्टम हुआ। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। आरोपी वाहन चालक का पता लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास मार्ग पर कैमरे चेक किए जाएंगे।




■ भाई की शिकायत पर केस दर्ज, जांच के लिए रोड पर लगे सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

## बाकरा मोड हादसा : दो और घायलों ने दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के बेरी-कलानौर मार्ग पर बाकरा मोड के पास हुई कार व ऑटो की टक्कर में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। इस हादसे में जहां एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी वहीं एक अन्य व्यक्ति ने रोहतक पीजीआई व एक महिला ने रेवाड़ी के अस्पताल में दम तोड़ दिया। शुक्रवार को पुलिस ने मौके पर ही हादसे के शिकार गुरुग्राम के जाटौली गांव निवासी करीब 45 वर्षीय सोहनलाल पुत्र औमप्रकाश के शव का पोस्टमार्टम कराया। मामले के जांच अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि कार व ऑटो की इस टक्कर में सोहनलाल की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि गंभीर रूप से घायल अन्य नौ लोगों को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई रैफर किया गया था। अब उन घायलों में से पीजीआई में उपचार के दौरान रामकिशन की मौत हो गई जबकि घायल बिमला को उपचार के बाद पीजीआई से छुट्टी मिल गई थी। लेकिन शाम को उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और परिजन उसे रेवाड़ी के अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस प्रकार हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या तीन हो गई है। उन्होंने बताया कि परिजनों के बयान पर पोस्टमार्टम कराने के बाद सोहनलाल का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



**झज्जर।** पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

### ऑटो को कार मारी थी टक्कर

बता दें कि बाकरा मोड पर वीरवार की दोपहर बाद करीब तीन बजे यह हादसा उस समय हुआ जब गुरुग्राम के हेलीमंडी निवासी विकास अपने परिवार के साथ ऑटो में क्षेत्र के गांव आंवल में किसी बुजुर्ग महिला की रस्म तेरहवीं से वापिस लौट रहा था। जब वे बाकरा गांव के मोड पर पहुंचे तो उनकी ऑटो को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इस घटना में जहां एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी वहीं नौ अन्य लोग घायल हो गए थे। घायल हुए लोगों में विकास के अलावा उसकी पत्नी पूजा, पुत्र दक्ष व वंश, मां विमला, राजवती पत्नी विजय, जिया, अवरुद्ध व रामनिवास पुत्र बाबूलाल शामिल थे। हादसे की सूचना मिलने पर बेरी थाना प्रभारी व शहर चौकी प्रभारी ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच कर राहगीरों की सहायता से घायलों को उपचार के लिए बेरी के नागरिक अस्पताल पहुंचाया था। जहां चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया था।

## ट्रेडिंग कंपनी के ऑफिस में युवती से गैंगरेप, कंपनी मालिक व अन्य पर आरोप

**बहादुरगढ़।** दिल्ली मूल की एक युवती के साथ बहादुरगढ़ में नशीला पेय पदार्थ पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म करने, वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने ही आफिस मालिक व उसके तीन साथियों पर आरोप लगाया है। युवती के आरोपों में कितनी सच्चाई है, ये जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामला झज्जर रोड पर स्थित एक पॉश मार्केट का है। मामले में सामने आया है कि पीड़िता यहां स्थित एक ट्रेडिंग कंपनी के दफ्तर में काम करती है। आरोप है कि कुछ समय पहले कंपनी यानी आफिस मालिक ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। जब वह बेसुध हुई तो दोनों ने उसके साथ गलत काम किया तथा वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगे। वहीं, मालिक के एक अन्य शख्स ने भी जबरन संबंध बनाने का प्रयास किया। जबकि मामले में चौथी आरोपी यानी एक महिला ने उसके साथ मारपीट की।

चार नामजद लोगों पर इस संबंध में केस दर्ज हुआ है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी। पुलिस अधिकारी बोले आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

■ दिल्ली की रहने वाली है युवती, शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया

■ वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया

■ युवती ने मारपीट का भी आरोप लगाया

## शहर को सुंदर बनाने में जुटा प्रशासन, डीसी कर रहे मॉनिटरिंग



**झज्जर।** जिले में हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों और सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ चल रहा है। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि अभियान की मॉनिटरिंग वे स्वयं कर रहे हैं, साथ ही एडीसी, एसडीएम, सीटीएम और सीईओ भी फील्ड में सक्रिय रहकर लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। स्वच्छता अभियान के तहत शहर की सड़कों, गलियों, बाजारों और सरकारी भवनों में सफाई कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि वे स्वच्छता अभियान में पूरे उत्साह के साथ जुड़ें और इस अभियान को जन आन्दोलन बनाएं। उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए भी खास कदम उठाए गए हैं। न्यू बस स्टैंड फ्लाइओवर की दीवारों को कलाकारों ने आकर्षक चित्रों से सजा दिया है। इनमें शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, छत्रपति शिवाजी महाराज और सरदार वल्लभभाई पटेल की पेंटिंग शामिल हैं।

### जागरूकता कार्यक्रम आज

**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल के साथ लगते लार्ड शिवा आंखों के अस्पताल में 40वें नेत्रदान पखवाड़ा को लेकर शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम होगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक नागरिक अस्पताल से सेवानिवृत पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी ओमवीर राठी ने दी। उन्होंने बताया कि आठ सितंबर तक यह नेत्रदान पखवाड़ा चलेगा। इस दौरान नि:शुल्क जांच शिविर के अलावा नेत्रदान संकल्प फार्म भरवाने के लिए भी कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में रोहतक पीजीआईएमएस के वाइस चांसलर डॉ. एचके अग्रवाल मुख्यातिथि तौर पर शिरकत करेंगे।

**कृषि मंत्री ने जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में लोगों की शिकायतें सुनीं, 15 में से 11 का समाधान**

## शिकायतों के निपटारे में कोताही सहन नहीं होगी : राणा

हरिभूमि न्यूज. झज्जर

शुक्रवार को जिला लोकसंपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक संवाद भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने की। बैठक में 15 सूचीबद्ध शिकायतों पर सुनवाई की गई व इस उपरांत जिले के विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतें रखीं गईं। जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए कैबिनेट मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि शिकायतों के निपटारे में कोताही को सहन नहीं किया जाएगा। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जांच में शिकायतकर्ता को शामिल किया जाए और सभी समस्याओं का समाधान शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना ही नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि इन योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचे। बैठक में बिरधाना गांव में जल निकासी पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त करने के मामले में सुनवाई करते हुए कैबिनेट मंत्री ने पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।




**झज्जर।** बैठक में सुनवाई करते हुए कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा।

### बहादुरगढ़ आरडब्ल्यूए ने कृषि मंत्री के समक्ष रखी सेक्टर 13 की समस्याएं

**बहादुरगढ़।** झज्जर में हुई जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में सेक्टर-13 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को उठाया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा के समक्ष पत्र सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-13 के चारों तरफ अवैध पीवीसी कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिससे गंदगी और प्रदूषण की स्थिति बनी रहती है। वहीं, सेक्टर के साथ लगती कृष्णा कॉलोनी में अवैध गोदामों में रात के समय पीवीसी जलाने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। हाल ही में एक गोदाम में आग लगने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। उन्होंने मांग की कि इन अवैध गोदामों को तुरंत हटाया जाए। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने बताया कि सेक्टर में पिछले तीन साल से सफाई का टेंडर नहीं हुआ है, जिसकी वजह से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लोगों को परेशानी हो रही है। अपने स्तर पर रुपये खर्च कर सफाई करानी पड़ रही है। वहीं, बादली रोड के किनारे घरों के बिल्कुल पास शराब का ठेका होने से क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है।

## छोटूराम नगर की गलियों में जलभराव, मुंगेशपुर ड्रेन में जलस्तर बढ़ने से चिंता




**बहादुरगढ़।** छोटूराम नगर की एक गली में भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बरसात के चलते मुंगेशपुर ड्रेन में भी जल स्तर बढ़ा हुआ है। इस वजह से आसपास क्षेत्र में रहने वाले लोग चिंतित हैं। वहीं, बरसात व बैक मारने के कारण वार्ड-10 की गलियों में जलभराव की स्थिति है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बार यह स्थिति उत्पन्न होती है। गलियों में पानी भरने से आवागमन प्रभावित हो जाता है। आज तक इसका स्थाई समाधान नहीं हुआ।

पूर्व पार्षद हरिमोहन धाकरे ने कहा कि वार्ड दस में गौरव प्रॉपर्टी के नजदीक गली में काफी पानी भर गया है। दरअसल, बरसात के चलते मुंगेशपुर ड्रेन ओवरफ्लो होने की कगार पर है। लाइन बैक मारने के कारण पानी गलियों में भर रहा है। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सूचित किया है। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। लोगों ने कहा कि गलियों में पानी भरने से जीना मुहाल हो गया है।

## खबर संक्षेप



झज्जर। कांशीगिरी मंदिर में बाबा गणेश की आरती करते हुए श्रद्धालु।

### तेरी मुरली की धुन सुनने मैं बरसाने से आई हूं..

**झज्जर।** बाबा कांशीगिरी मंदिर में श्री गणेशोत्सव के दूसरे दिन रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम में संगीता वर्मा, आशा ग्रोवर, नारायणी सरदाना, पूनम छाबड़ा, हर्ष चावला, उमा गुलाटी, कमल लता शर्मा, भावना काठपालिया, आशू, हिमांशी अरोड़ा, किरण वर्मा, संतोष अरोड़ा, नीलम गाबा, किरण अरोड़ा, इंदू शर्मा, संतोष हंस, सुषमा गोसाई, इंदू भूगड़ा ने तेरी जय हो गणेश..तेरी मुरली की धुन सुनने मैं बरसाने से आई हूं.. राजेंद्र वधवा ने जो इस दरबार में अर्जी तेरी मंजूर हो जाए.. लक्ष्य वर्मा ने भक्त एक शिव का चला शिव को रिझाने के लिए.. भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान वेद बहल पाशु, सुभाष वर्मा, केवल अरोड़ा रमेश लखेरा, पंकज भारद्वाज, नरेंद्र पाहवा, सुंदर वर्मा, नयन हंस, राजेंद्र वधवा, लक्ष्य वर्मा, भवित वर्मा, जगदीश रंजन, सक्षम वर्मा, सृष्टि रंजन आदि मौजूद रहे।

यूनिट की मीटिंग में कर्मचारियों ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया

# आठवें वेतन आयोग की मांग को लेकर बिजली कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन

- रिटायर्ड कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा देने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने शुक्रवार को प्रदेश भर में सब-यूनिट स्तर पर गेट मीटिंग कर आठवें वेतन आयोग के गठन में हो रही देरी के खिलाफ विरोध जताया। स्थानीय यूनिट की मीटिंग में कर्मचारियों ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी भी की। मीटिंग की अध्यक्षता सब-अर्बन और सीटी सब-डिवीजन प्रधान जयवीर व भूरा लाइनमैन ने की। मीटिंग में एसकेएस के जिला प्रधान रामबीर ने कहा कि केंद्र सरकार ने बीते जनवरी माह में आठवें वेतन आयोग की घोषणा कर चुनावी फायदा उठाया था और अब इसे जनवरी 2026 से लागू करने की बात कह रही है। राज्य ऑडिटर व यूनिट प्रधान राम दर्शन ने कहा कि अब तक आयोग की अधिसूचना जारी किए जाने से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। मीटिंग में कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी रद्द करने, एनपीएस खत्म कर पुरानी पेंशन बहाल करने व रिटायर्ड कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा देने की मांग भी उठाई। इस मौके पर हंसराज, सुनील, लक्ष्मीनारायण, राजपाल, नरेश, केशव, जगदीश, नीतू, नीरज, निशा, हेमंत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। गेट मीटिंग में विरोध जताते हुए बिजली निगम कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। नारेबाजी करते प्रदर्शनकारी बिजली कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### वेतन आयोग गठन की मांग, बिजलीकर्मियों ने किया प्रदर्शन

**बहादुरगढ़।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर शुक्रवार को प्रदेशभर में कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में बहादुरगढ़ में बिजली कर्मचारियों ने सब-डिवीजन स्तर पर एक घंटे की गेट मीटिंग कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर नाराजगी जताई गई। प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य उप प्रधान बंसी लाल, राज्य कमेटी सदस्य रविंद्र दलाल, यूनिट प्रधान उमेश शर्मा, सचिव राकेश कुमार, उप प्रधान प्रदीप कुमार व कृष्ण कुमार, संगठन सचिव राकेश कैशियर जोगेंद्र, ब्लॉक प्रधान बिजेंद्र आदि ने किया। कर्मचारियों ने कहा कि 16 जनवरी 2025 को सरकार ने कैबिनेट बैठक में आठवें वेतन आयोग के गठन और एक जनवरी 2026 से सिफारिशें लागू करने का वादा किया था, लेकिन कई महीने बीत जाने के बावजूद न तो आयोग का गठन हुआ और न ही अधिसूचना जारी की गई। इससे कर्मचारियों में गहरा रोष है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि आयोग की अधिसूचना तुरंत जारी नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में सुनील, मनोज, विजय प्रकाश, राकेश पांचाल, सीनू सिंह, अनिल कुमार, भगत सिंह, अनूज सैनी, संदीप, आजाद, विनोद, सुखपाल, पवन, कुलदीप, संजय, विक्रम, कांता, मधु आदि शामिल थे।

# सफाई कर्मचारियों ने भी किया शहर में प्रदर्शन



बहादुरगढ़। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को शहर में विरोध प्रदर्शन किया। पहले कर्मचारियों ने झज्जर रोड स्थित राव तुलाराम पार्क में बैठक कर मांगों तथा समस्याओं पर मंथन किया। इसके बाद प्रदर्शन शुरू हुआ, जो नगर परिषद कार्यालय के गेट पर संपन्न हुआ। प्रदर्शन का नेतृत्व इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने किया, जबकि संचालन सचिव अमित परनाला ने किया। कर्मचारियों ने कहा कि केंद्र सरकार ने 16 जनवरी को कैबिनेट बैठक में आठवें केंद्रीय वेतन आयोग की घोषणा तो की थी, लेकिन सात महीने बीत जाने के बाद भी इसकी अधिसूचना जारी नहीं की गई। वक्ताओं ने कहा कि यदि जल्द अधिसूचना जारी नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। साथ ही बताया गया कि आगामी 9 और 10 सितंबर को प्रदेशभर के नगर निगम, परिषद और नगरपालिकाओं में विधायकगणों को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें दोहराई जाएंगी। जिला प्रधान राजेंद्र तुषामड, उप प्रधान अजय, कैशियर मुकेश दरोगा, जिला ऑडिटर संदीप टांक, इकाई ऑडिटर सुनील परनाला, सह सचिव सरोज समेत संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल थे।

# जॉब मेले में मिला सत्रह विद्यार्थियों को रोजगार



झज्जर। जॉब मेले में विद्यार्थियों का साक्षात्कार लेते हुए कंपनी प्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान साल्हावास में शुक्रवार को जॉब मेले का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जॉब मेले में क्षेत्र की नामी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के आधार पर विभिन्न व्यावसायिक पदों पर रोजगार व अप्रेंटिस के लिए विद्यार्थियों का चयन किया। प्लेसमेंट अनुदेशक प्रवीण कायत ने बताया कि जॉब मेले में कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा सत्रह विद्यार्थियों को रोजगार व अप्रेंटिस के लिए चयनित किया गया। इस मौके पर कंपनी प्रतिनिधि जगबीर जावलिया, संस्थान के वरिष्ठ वर्ग अनुदेशक अशोक कुमार व जापो वर्ग अनुदेशक राहुल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के प्रतिभागी शिक्षकों को डीईओ ने सौंपे प्रमाण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान माछरौली में चल रहा पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एक शिक्षक को समय-समय पर अपने विषय में अपडेट रखता है। इन प्रशिक्षणों की सहायता से शिक्षक अपने शिक्षण को प्रभावशाली बना सकते हैं। कार्यक्रम के समन्वयक और संस्थान प्रभारी सुनील कुमार ने पांच दिनों में की गई दिवसवार गतिविधियों बारे जानकारी दी। प्रशिक्षण के लिए मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका डॉक्टर मनोज कौशिक, मनोज मलिक, मुकेश कुमार अग्रवाल, सोमबीर बेनीवाल, यशवीर सिंह, संदीप जाखड़, पूजा शर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षण लेने वाले सभी शिक्षकों को प्रमाण-पत्र भेंट किए गए। इस मौके पर डाइट परिवार से भूपेंद्र सिंह रोज, राजीव देसवाल, सुमित कटारिया, मांगेराम चाहर, विनोद कुमारी, सोनिया , रेनू, सविता, प्रवीण कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित प्रशिक्षणार्थी। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। संजय सैनी को शिव परिवार की तस्वीर भेंट करते आयोजक।

# सैनी ने गणपति से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कच्चा बाग में आयोजित भगवान श्री गणेश चतुर्थी पूजा महोत्सव में भाजपा बहादुरगढ़ मंडल अध्यक्ष एवं ग्रीवेंस कमेटी सदस्य संजय सैनी अपनी टीम के साथ पहुंचे। पंडाल में समिति द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। संजय सैनी ने कहा कि भगवान गणेश सभी देवताओं में प्रथम पूजनीय हैं और किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत उनके आशीर्वाद से ही होती है। उन्होंने समिति को 5100 का योगदान भी दिया और बहादुरगढ़ की सुख-शांति एवं तरक्की की कामना की। महोत्सव में मंडल महामंत्री आशु सैनी, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी व दीपक सैनी, सचिव संदीप , किसान मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र राठी, एससी मोर्चा अध्यक्ष विनय, गोपाल सहित मंडल कार्यकारिणी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# बच्चों को खिलाई एलबेंडाजोल दवा

- डीवॉर्मिंग से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है
- इन गोलियों का उद्देश्य बच्चों को पेट में होने वाले कीड़ों से बचाना और परजीवी नियंत्रण करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को डीवॉर्मिंग टैबलेट्स विद्यार्थियों को खिलाई गई।

स्कूल की प्रिंसिपल पूनम चौधरी ने बताया कि कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई है। उन्होंने बताया कि इन गोलियों का उद्देश्य बच्चों को पेट में होने वाले कीड़ों से बचाना और परजीवी नियंत्रण करना है। डीवॉर्मिंग से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है।



बच्चों को दवा खिलाती स्वास्थ्यकर्मी।

# गली-गली उजागर करेंगे भाजपा की वोट चोरी : निशित

- यूथ कांग्रेस ने की स्टीकर अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

यूथ कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को शहर से स्टीकर अभियान की शुरूआत की गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय यादव की अध्यक्षता में यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने शहर के भगत सिंह चौक पहुंच कर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके उपरांत वोट चोरी को लेकर अपना स्टीकर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अब वोट चोरी नहीं होने दी जाएगी। इस अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं द्वारा गली-गली पहुंच कर भाजपा की वोट चोरी उजागर की जाएगी। कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर वोट चोरी उजागर करते हुए कहा था कि हरियाणा में भी भाजपा ने वोट चोरी कर सरकार बनाई है। निशित कटारिया ने बीते दिनों दिल्ली से इस अभियान की शुरुआत की थी। पूरे प्रदेश में यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे घर-घर तक कांग्रेस के विचारों को पहुंचाते हुए पार्टी को मजबूती दें।



झज्जर। शहर के भगत सिंह चौक से स्टीकर अभियान की शुरूआत करते हुए यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया। फोटो :हरिभूमि

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस मौके पर युवा कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष रामअवतार दीपक गहलावत, जतिन वत्स, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रदीप यादव, सागर कौशिक, एनएसयूआई के शहरी अध्यक्ष वरुण गुलिया, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमन लोहचब, युवा महासचिव संदीप दहिया, युवा अध्यक्ष रौनक, राव नाहर सिंह, सुनील जाखड़, जेपी कादियान, सुदेश कौशिक, रामानंद दलाल, सुभाष गुर्जर, सोमबीर, रवि लोहचब, रिटायर्ड प्रिंसिपल राजबीर दहिया, टोनी सैनी, धर्म सिंह, कर्मबीर, अजय नारा, मोटा कोच, डॉक्टर विजय वाल्मीकि, नरेश, संजय खटक, भीम सिंह, दिनेश यादव, महेंद्र यादव, दीपक यादव, प्रदीप यादव, सोमबीर, रवि लोहचब, चिराग लोहचब, सुनील, भीम, कैप्टन सतबीर बड़क, रमेश जाखड़, हेड मास्टर राजबीर, राजेंद्र जून, बिजेंद्र, बलबीर फौजी, राव गजराज सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### कंपनी कर्मचारियों को किया जागरूक

- कर्मचारियों को साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए और नशे से दूर रहने की सलाह दी

**बहादुरगढ़।** झज्जर यातायात समन्वय टीम ने जहांगीरपुर की एक कंपनी में कर्मचारियों को साइबर क्राइम, नशे के दुष्प्रभाव और यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। उप निरीक्षक सत्य प्रकाश ने कर्मचारियों को साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए और नशे से दूर रहने, हेलमेट पहनने, नशे में वाहन या मशीन न चलाने की सलाह दी।



झज्जर। घरेलू कचरा से उत्पाद बनाते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

नाइजीरिया, सूडान, तंजानिया समेत विभिन्न देशों से आए 235 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

# विदेशी विद्यार्थियों की पहली पसंद बना संस्कारम विश्वविद्यालय

- विदेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए संस्थान में इंटरनेशनल इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। सत्र 2025-26 के लिए नाइजीरिया, सूडान, तंजानिया समेत विभिन्न देशों से आए 235 से अधिक विद्यार्थियों ने यहां प्रवेश लिया है। विदेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए संस्थान में इंटरनेशनल इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मंगल वंदना से शुरू हुए इस कार्यक्रम में भारतीय और नाइजीरियन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बहुरंगी वातावरण बनाते हुए अनेकता में एकता की परंपरा को जीवंत किया। कार्यक्रम में नाइजीरिया के डायरेक्टर जनरल एफसीटी कमीशन आल्हाजी बाबाबसूले बीसल्ला ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि संस्कारम विश्वविद्यालय शिक्षा, संस्कृति और मानवीय मूल्यों का अद्वितीय संगम है। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर मूसा इमैनुएल उमरू और अन्य अतिथियों ने भी विश्वविद्यालय के हरित कैंपस और उत्कृष्ट संसाधनों की प्रशंसा करते कहा कि इन्हीं कारणों के चलते यह विश्वविद्यालय अब न केवल भारत बल्कि विदेशी विद्यार्थियों की भी पहली पसंद बन गया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में नाइजीरिया से ही प्रख्यात शिक्षाविद और उद्यमी आल्हाजी सुलेमान काटो इब्राहिम व मौसम विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अहमद सदोकी अबूबकर ने भी विश्वविद्यालय की सराहना की। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला और भविष्य निर्माण का मार्ग भी दिखाता है।



झज्जर। नव प्रवेशित विदेशी विद्यार्थियों व अतिथियों के बीच उपस्थित चांसलर डॉक्टर महीपाल। फोटो :हरिभूमि

### कार्यक्रम में विदेशी विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए

कार्यक्रम में विदेशी विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। छात्रा अमारा व मुहम्मद उम्मूसलमा ने कहा कि भारत में पढ़ाई के साथ उन्हें परिवार का अहसास मिला। इसी प्रकार छात्र उमर दमतानी मूसा व शेख अब्दुल अबू सूफियान ने विश्वविद्यालय के सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण की सराहना की। इसके अलावा वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉक्टर चंद्र प्रकाश ने कहा कि विदेशी विद्यार्थियों का यहां आना विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय छवि का प्रमाण है। उनके संस्थान ने यह सिद्ध कर दिया है कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कार और संस्कृति के साथ वैश्विक दृष्टि से परिपूर्ण जीवन की ओर मार्गदर्शन है।

# छात्रों ने किया वेस्ट से बनाए उत्पादों का प्रदर्शन

- व्यावसायिक अवसर विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और इसमें व्यावसायिक अवसर विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राध्यापक दीपक ने बताया कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को सृजनात्मकता, नवाचार और उद्यमशीलता से जोड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रोत्साहित करना रहा। डॉक्टर भूप सिंह गुलिया ने बताया कि सामान्यत फेंक दी जाने वाली वस्तुओं पुराने कपड़े, प्लास्टिक बोतलें, टिन के डिब्बे, कागज, कार्ड बोर्ड और अन्य घरेलू कचरा को नए उत्पादों में परिवर्तित किया जा सकता है, जिनकी बाजार में मांग भी होती है। शुरुआत में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट की अवधारणा, इसके पर्यावरणीय लाभ और सामाजिक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और विभिन्न समूहों में विद्यार्थियों ने सामग्री का संग्रह किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपने बनाए गए उत्पादों, सजावटी वस्तु, स्टेशनरी स्टैंड, हैंडबैग, फ्लावर पॉट्स, नामपट्ट, रीसायकल वॉल डेकोर आदि का प्रदर्शन किया गया।

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। विधायक का स्वागत करते ग्रामीण।

### सोलधा भंडारे में पहुंचे विधायक

बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून शुक्रवार को गांव सोलधा स्थित ऐतिहासिक दादा मालदे मंदिर पर आयोजित विशाल भंडारे में पहुंचे। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सदस्यों व ग्रामवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत व सम्मान किया। विधायक ने मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। विधायक राजेश जून ने मंदिर में 11 हजार रुपए की सहयोग राशि भी प्रदान की। इस मौके पर ग्रामवासियों से बातचीत करते हुए विधायक राजेश जून ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करते करते हैं। ऐसे आयोजन लोगों को एक-दूसरे के करीब लाते हैं और सकारात्मक माहौल का निर्माण करते हैं।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में वार्षिक खेल उत्सव आयोजित

# शॉटपुट में हिमांशु और दीपिका प्रथम

100 मीटर दौड़ में लड़कों में देवदीप प्रथम, उज्ज्वल द्वितीय और रचित तृतीय रहे। जबकि लड़कियों में रितु प्रथम, दीपिका द्वितीय और पूजा तृतीय स्थान पर रहीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य गीता आर सिंह के संबोधन से हुआ। वर्ग अनुदेशक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि खेल उत्सव में 100 मीटर दौड़, शॉटपुट और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें 120 छात्रों ने भाग लिया। लड़कों की शॉटपुट प्रतियोगिता में फिटर ट्रेड के हिमांशु ने प्रथम, इलेक्ट्रिशियन के रचित (ने द्वितीय और एमएमवी के किंशुख ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लड़कियों में स्टेनोग्राफर की दीपिका ने प्रथम, रितु ने द्वितीय और इलेक्ट्रिशियन की पूजा ने तृतीय स्थान हासिल किया। 100 मीटर दौड़ में लड़कों में देवदीप प्रथम, उज्ज्वल द्वितीय और रचित तृतीय रहे। जबकि लड़कियों में रितु प्रथम, दीपिका द्वितीय और पूजा तृतीय स्थान पर रहीं।

बैडमिंटन डबल्स में देव खत्री और श्रीप्रकाश की जोड़ी ने पहला स्थान पाया। जबकि कृष और नितिन दूसरे स्थान पर रहे। लड़कियों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में दीपिका ने प्रथम, रितु ने द्वितीय और पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में वर्ग अनुदेशक तरसपाल सहित जयदेव, अमन लाठर, प्रदीप, सुमित, सतबीर, अंकुर, नवीन और राकेश दत्त भी उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। दौड़ लगाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

बहादुरगढ़। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत की स्वयंसेविका नीलम ने गांव गुभाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम में कुल 116 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रिंसिपल किरण राणा ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वालंटियर गौतम और पूजा ने भी सहयोग दिया। स्वयंसेविका नीलम ने बच्चों को खेलों के माध्यम से स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने के महत्व के बारे में जागरूक किया।



बहादुरगढ़। शिक्षकों के साथ पदक जीतने वाले बच्चे। फोटो : हरिभूमि


बहादुरगढ़। खेल भावना की शपथ लेते छात्र। फोटो : हरिभूमि

### छात्रों ने ली खेल भावना की शपथ

बहादुरगढ़। गांव छारा स्थित चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में खेल उत्सव का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल के निर्देशन में हुआ। उद्घाटन अवसर पर छात्रों को खेल भावना की शपथ दिलवाई गई तथा उन्हें खेल व स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया गया। प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के स्पोर्ट्स इंचार्ज देवेंद्र द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की रूपरेखा से परिचित कराया और सभी से उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। खेल उत्सव के दौरान बेडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।


बहादुरगढ़। खेल गतिविधियों में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### वैश्य महिला कालेज में इंडोर गेम्स

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में इंडोर गेम्स और विभिन्न मनोरंजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा के संबोधन से हुई। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रवक्ता सुनीता रानी ने वाईआरसी, एनएसएस वालंटियर्स और भावी अध्यापिकाओं को वार्म-अप के बाद फ्लाइंग डिस्क, बास्केटबॉल थ्रो जैसी गतिविधियों में भाग दिलवाया। साथ ही मेडिटेशन, प्राणायाम और ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, मकरासन सहित कई योगासनों का अभ्यास करवाया, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम के दौरान योग प्रदर्शन करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों को खेलों का महत्व बताया

बहादुरगढ़। फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिवस हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में खेलों के महत्व और उनके जीवन से प्रेरणा को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, गायन और प्रश्नोत्तरी प्रस्तुत कर खेलों की उपयोगिता को रेखांकित किया। इसके साथ ही योग अभ्यास और स्वस्थ जीवन पर समूह गीत भी आयोजित किए गए। खेल प्रतियोगिताओं में कबड्डी, खो-खो, दौड़, बैडमिंटन, बास्केटबॉल और फुटबॉल शामिल रहे। विद्यार्थियों ने उत्साह और खेलभावना के साथ भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल मोनिका राठी ने विजेताओं को पदक और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

## हेतिका ने गोल्ड तो दक्ष ने जीता सिलवर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हरियाणा तैराकी संघ ने बहादुरगढ़ में तीन दिवसीय खेल उत्सव की शुरुआत की। पहले दिन चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में इनविटेशनल तैराकी प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसका शुभारंभ सांसद व हरियाणा तैराकी संघ के अध्यक्ष धर्मबीर सिंह ने किया। भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने उनका स्वागत किया।

सांसद धर्मबीर सिंह ने विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय खेल नीति से सभी खेलों को बढ़ावा मिलेगा और भारत खेलों में भी वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा। हरियाणा देश की कुल जनसंख्या का छोटा हिस्सा होते हुए भी लगभग 40 प्रतिशत पदक देश को दिलाता है। वहीं, ग्रुप-6 के 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में हेतिका खत्री ने गोल्ड मेडल हासिल किया। ग्रुप-4 के 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में दक्ष धनखड़ ने सिलवर, 50 मीटर फ्रीस्टाइल और बैक्स्ट्रोक में कांस्य पदक हासिल किया। ग्रुप-1 बॉयज के 50 मीटर बटरफ्लाई इवेंट में गौरव ने गोल्ड और कार्तिक ने सिलवर पाया। ग्रुप-2 में युवराज खत्री ने गोल्ड, जतिन सिहाग ने सिलवर मेडल जीता। ग्रुप-3 बॉयज के 50 मीटर बटरफ्लाई में हिमेश व ग्रुप-4 गर्ल्स के 50 मीटर बटरफ्लाई में काव्या ने गोल्ड हासिल किया। ग्रुप-5 में वान्या ने गोल्ड और चेंसी ने सिलवर जीता। बॉयज ग्रुप-5 के 50 मीटर बटरफ्लाई में आदित्य ने गोल्ड और विराज ने सिलवर जीता। बॉयज ग्रुप-1 के 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में तेजस खत्री व गर्ल्स-6 की 50 मीटर बटरफ्लाई में किंजल ने गोल्ड हासिल किया है। बॉयज़ ग्रुप्स-5 के 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में भावेश जून ने गोल्ड और आदित्य ने सिल्वर मेडल हासिल किए।

हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि 30 और 31 अगस्त को छठी राज्य स्तरीय वाटरपोलो प्रतियोगिता आयोजित होगी। यह आयोजन चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के 50 मीटर ओलंपिक साइज पूल में किया जाएगा। वार वेटर्न महेंद्र पहलवान, जिला खेल अधिकारी सतेंद्र सिंह, चेतन, विनोद, हरबीर ढाका, विकास कादयान, सुनील खत्री, सत्यनारायण शर्मा, कोच साई जाधव, पदमपाल, विशाल, कृष्णमुरारी आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। विजेता को सर्टिफिकेट देते सांसद धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में शपथ लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### बैडमिंटन में सुचिका व साक्षी ने बाजी मारी

बहादुरगढ़। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय जसोर खेड़ी में खेलकूद प्रभारी डॉ. सुनील के नेतृत्व में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गाय। प्राचार्या डॉ. संदीप ने छात्राओं को शारीरिक तौर पर स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत व भावनात्मक तौर पर संतुलित रहने की शपथ दिलाई। छात्राओं के बीच बैडमिंटन की आंतरिक प्रतिस्पर्धा का आयोजन भी किया गया, जिसमें बीए प्रथम वर्ष की छात्राएं सुचिका और साक्षी प्रथम स्थान पर रही। डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. सुनील कुमार, अजय कुमार, अनिल कुमार आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।



झज्जर। विजेता प्रतिभागी का सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### रस्सीकूद प्रतियोगिता में तमन्ना ने पाया पहला स्थान

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में खेल उत्सव के तहत रस्सीकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं अंग्रेजी साहित्य परिषद के तत्वावधान में इयूजीन ओनील द्वारा रचित अंग्रेजी नाटक द हेयरी ऐप पर आधारित फिल्म विद्यार्थियों को दिखाई गई। रस्सीकूद प्रतियोगिता में छात्राओं के वर्ग में तमन्ना ने पहला, खुशबू ने दूसरा और मन्नू रानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रों के वर्ग में कनिष्क ने पहला, नितीश ने दूसरा और योगेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने बताया कि मेजर ध्यानचंद ने अपने जीवन काल में 185 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और कुल 570 गोल किए। उन्होंने कुल आठ ओलंपिक खेलों में भाग लिया और इनमें से सात में भारत को गोल्ड मेडल दिलवाए।

## हॉकी में बहादुरगढ़ की टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

भारत रत्न मेजर ध्यानचंद की जयंती पर शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बादली रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में जिला प्रशासन और खेल विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें विधायक राजेश जून मुख्य अतिथि रहे। जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार व कोचों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक राजेश जून ने कहा कि युवा नशे से दूर रहकर खेलों में सक्रिय भागीदारी करें। जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस खेल युक्त नशा मुक्त थीम पर मनाया जा रहा है। इसके तहत तीन दिन तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। शुक्रवार को अंबेडकर स्टेडियम में हॉकी सहित अन्य खेलों के मुकाबले हुए। हॉकी के लड़का व लड़की वर्ग में बहादुरगढ़ की टीम विजेता रही। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी, मौजूदा चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश सहवाग, कोच जयवीर व अन्य खेलों के कोच, अधिकारी, खिलाड़ी तथा खेल प्रेमी उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर डीघल में हुए वॉलीबाल के मुकाबले

बेरी। भारत रत्न मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। रिटायर्ड कैप्टन रणजीत सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल व धांधलान स्कूल की लड़कियों की टीम के बीच वॉलीबाल के मुकाबले आयोजित किए गए। जिसमें डीघल स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि आज लड़कियां हर क्षेत्र में मेहनत के बलबूते पर प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इस अवसर पर वॉलीबाल कोच पूनम कटारिया, बॉक्सिंग कोच ललित कुमार, ओमवीर अहलावत, संदीप नंबरदार, यशवीर डीपी सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। वालीबॉल मुकाबले में विजेता टीम के साथ मुख्यातिथि।



बहादुरगढ़। शिक्षकों के साथ कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### मशाल जलाकर की कार्यक्रम की शुरुआत

बहादुरगढ़। बराही रोड स्थित त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। समारोह की शुरुआत विद्यालय प्रिंसिपल ने मशाल जलाकर की। विभिन्न आयु वर्ग के छात्रों ने खेल प्रतियोगिताओं व गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यार्थियों ने भाषण और प्रस्तुतियों के माध्यम से खेलों की जीवन में महत्ता पर प्रकाश डाला। विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की निदेशिका संगीता वर्मा ने कहा कि खेल से अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।


झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी एवं शिक्षक।

### खेल दिवस पर किया हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद

झज्जर। राष्ट्रीय खेल दिवस पर राजकीय महाविद्यालय दुजाना में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार ने की। उन्होंने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपने अद्वितीय खेल कौशल और अनुशासन से देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने मेजर ध्यानचंद की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत व समर्पण भावना के लिए प्रेरित किया। हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर सीमा कुंडू ने भी विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में महान सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में रस्सी कूद, शतरंज, दौड आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

## राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में हिंदी व इतिहास के पीजी कोर्सो को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज. झज्जर : राजकीय महाविद्यालय दूबलधन का पीजी कक्षाओं का इंतजार अब खत्म हो गया है। उच्चत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा ने संस्थान को हिंदी व इतिहास के पीजी कोर्सो की स्वीकृति दे दी है। इस शुरूआत का राजकीय महाविद्यालय सुधार समिति व एल्युमनाई संघ ने स्वागत करते हुए प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व उनके प्रशासनिक सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है। प्रोफेसर कुलताज सिंह व सुखचंद कादियान के नेतृत्व में आयोजित मीटिंग में वक्ताओं ने निहालचंद गोयल आईएएस रिटायर्ड चीफ सेक्रेट्री राजस्थान, विनीत गर्ग एसीएस हरियाणा व कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर कर्मवीर गुलिया के प्रति विशेष कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा कि इन्हीं के सामूहिक प्रयास ने आज कॉलेज को पीजी संस्थानों की पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया है। प्रोफेसर कुलताज सिंह ने कहा कि मीडिया ने शिक्षा का पारदर्शी स्तंभ होने की भूमिका निभाई है जिसके परिणाम स्वरूप यहां हिंदी व इतिहास की मास्टर्स की पढ़ाई शुरू हो गई है। इस मौके पर शिक्षाविद नसीब सिंह, पूर्व जिला पार्षद मास्टर जय भगवान, प्रोफेसर अजय कादियान, पंडित राजवीर सिंह, सुरेश कोच, जागेराम, राजबीर डबास, हेडमास्टर हवा सिंह, पूर्व सरपंच नरेंद्र, दिनेश, सूरजभान, गौरव कुमार, मनोज कुमार, राज सिंह, वीरेंद्र सिंह, साधुराम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। मीटिंग के बाद एकत्रित राजकीय महाविद्यालय सुधार समिति व एल्युमनाई संघ सदस्य।

## जिले के सभी स्वर्णकारों को सीसीटीवी लगवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में स्वर्णकार संघ के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों पर विस्तार से चरचा की गई। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने कहा कि जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आमजन को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि आपके आस पास किसी भी तरह की कोई समस्या होती है तो उसकी सुचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस पब्लिक के आपसी सहयोग से किसी भी तरह की समस्या का समाधान आसानी से किया जा सकता है।


झज्जर। आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह।

### इन बातों का रखें ध्यान

- सभी स्वर्णकार अपनी दुकानों मे अच्छी गुणवता वाले सीसीटीवी लगवाएं।
- सीसीटीवी की स्टोरेज कम से कम 60 दिन की होनी चाहिए।
- कैमरे इस तरीकें से लगाए कि आने जाने वाले व्यक्तियों और वाहनों पर नजर रखी जा सकें।
- सभी स्वर्णकार अपनी दुकानों में सायरन सिस्टम लगवाएं।
- सभी स्वर्णकार अपनी दुकानों में पुलिस कंट्रोल रूम, थाना व पुलिस चौकी प्रभारियों के मोबाइल नंबर लिखवाएंगे।
- सभी स्वर्णकार अपनी दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों की पुलिस वैरिफिकेशन अवश्य करवाएं।
- सभी स्वर्णकार अपनी दुकानों व शोरूम ज्यादा कैश, सोना, चांदी रखने की बजाए उनके सैंपल रखें।
- सभी स्वर्णकार अपने क्षेत्र के थाना व चौकी प्रभारी के साथ तालमेल बनाए रखें।
- कोई अनजान व्यक्ति या महिला चांदी या सोना बेचने आते है तो उसकी सूचना पुलिस को दें।
- उन व्यक्तियो की दो पहचान पत्र, फोटो व मोबाइल नंबर अवश्य लें।
- सभी स्वर्णकार अपनी दुकान में एक रजिस्टर लगाएंगे जिसमें उन व्यक्तियों का पूर्ण विवरण दर्ज करेंगे जो उनके पास आभूषण बेचने या गिरवी रखना आते हैं।

ON ALL MRP 6% OFF

# Elenta Mart

A PERFECT HYPERMARKET

UPTO 80% OFF

ON SHOPPING OF ₹4999 & ABOVE FREE
*T&C APPLY Only one offer can be claimed per bill.
2 LTR

SUPER DEAL OF THE WEEK

1 LTR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE FREE
*T&C APPLY Only one offer can be claimed per bill.

30 August to 05 Sept.

BAHADURGARH | JHAJJAR | DIGHAL | SAMPLA | GOHANA

- FRESCA 1LTR — FREE — BUY 1 GET 3
- REAL COCONUT WATER — FREE — BUY 1 GET 1
- PATANJALI ROOHAFZA — FREE — BUY 1 GET 1
- Amul / Vadilal — UPTO 50%OFF ON MRP
- CONTINENTAL COFFEE — FREE — BUY 1 GET 1
- NOVA FLAVOURED MILK AND MASALA CHACH — FREE — BUY 1 GET 1

Special OFFER
- AMUL BUTTER 500GM — ₹310 ₹285
- SURF EXCEL EASY WASH 7 KG — ₹1030 ₹599
- COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA — ₹69

- REAL JUICE 1 LTR — UPTO 30% OFF
- HAMDARD ROOHAFZA — MRP ₹180 — @ JUST 155
- RED BULL — MRP ₹125 — @ JUST 90
- TAJ MEHAL TEA 1KG — ₹710 — JUST @ 549
- TATA TEA PREMIUM 1 KG — JUST @ 365
- RAJDHANI BESAN 1KG — JUST @ 99
- PRABHAS GHEE 1 LTR — FREE! — BUY 1 GET 1 FREE
- GM POHA 500 GM — BUY 1 GET 1 FREE
- BAIL KOLHU 1LTR — MRP ₹189 — OUR PRICE ₹169
- 24 MANTRA MUSTARD OIL 1LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- FORTUNE SOYA OIL 870ML — OUR PRICE ₹139
- AMUL PURE GHEE 1 LTR — MRP ₹650 — OUR PRICE ₹611
- LOOSE SUGAR 5 KG — OUR PRICE ₹230

WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
- CHANA DAAL 1KG — OUR PRICE ₹82
- MOONG DHULI 1KG — OUR PRICE ₹115
- KALA CHANA 1KG — OUR PRICE ₹78
- MALKA LAL DAAL 1KG — OUR PRICE ₹85
- BADAM 1KG — OUR PRICE ₹790
- KISMISH 1KG — OUR PRICE ₹539
- PATANJALI SALT — BUY 1 GET 1 FREE
- UNIFIT DATES — BUY 1 GET 1 FREE
- ARSHIRVAAD ATTA 10KG — ₹495 — OUR PRICE ₹435
- 24 MANTRA ATTA 5 KG — BUY 1 GET 1 FREE
- BREGANO PASTA VERMICELLI — BUY 1 GET 1 FREE
- INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG — ₹550 — OUR PRICE ₹428
- HALDIRAM'S ALL RANGE — 12.5% OFF ON MRP
- ORION Choco Pie — BUY 1 GET 1 FREE
- LAKMÉ 15% OFF ON MRP | mamaearth UPTO 30% OFF ON MRP | LOTUS 15% OFF ON MRP

- Ariel Complete Detergent 4KG — BUY1 GET 1 FREE
- SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG — ₹1199
- SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG — ₹1249
- K'TRIQ FLOOR CLEANER — 50% OFF
- TIDE 9KG LAVENDER — ₹749
- TRISHUL PHENYLE 5 LTR — 50% OFF
- SOFTSENS BABY PRODUCTS — UPTO 50% OFF
- Whisper ultra pads 50 xl — BUY2 GET 1 FREE
- ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR — OUR PRICE ₹650
- PEARS SHOWER GEL 500 ml — BUY1 GET 1 FREE
- WIPRO SAFE WASH 1LTR — BUY 1 GET 2 FREE
- VIM FLOOR CLEANER — MRP ₹240 — OUR PRICE ₹179
- PRIL 1.5 LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- SANI FRESH — BUY1 GET 1 FREE

**Bahadurgarh**
Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

**Sampla**
Address: Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800

**Gohana**
Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

**Jhajjar**
Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

**Dighal**
Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

Payment Accepted

OPEN 7 DAYS A WEEK | 8AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
On shopping of ₹2999, customer can avail Sugar Free at ₹1 or Fresca for free.Only one offer can be claimed per bill.

TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart